भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4146

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

सड़कों की निगरानी और मरम्मत

4146. श्री जी.एम. सिद्देश्वराः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अपने सभी अधिकरियों को सड़कों की स्थिति पर सख्ती से निगरानी करने और क्षतिग्रस्त खंडों की मरम्मत के लिए समय पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यदि ठेकेदार संचालन और रखरखाव संबंधी अनुबंध बाध्यताओं को पूरा करने में असफल रहता है तो हर्जाना लगाया जाएगा और ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू की जाएगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): महोदय, प्राधिकारी अभियंता / स्वतंत्र अभियंता / पर्यवेक्षण परामर्शदाताओं के माध्यम से कार्यों का पर्यवेक्षण किया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने उपकरण आधारित निरीक्षण शामिल करने और उनके द्वारा अनुपालन की जाने वाली सूचना प्रणाली भी विकसित करने हेतु पर्यवेक्षण परामर्शदाताओं के लिए विचारार्थ विषय (टीओआर) को संशोधित किया है। समय पर कार्रवाई करने के लिए नुकसान / कमियों की नियमित सूचना को टीओआर में शामिल किया जा रहा है।

(ग) और (घ): यदि ठेकेदार / रियायतग्राही अपने दायित्वों को पूरा करने में दोषी पाए जाता है तो करार के प्रावधानों के तहत जुर्माना / हर्जाना वसूला जाता है।

*****